राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी 3/1, अम्बेड़कर भवन, सिविल लाईन रेल्वे क्रॉसिंग के पास, जयपुर

क्रमांक: एफ 9(4)(33) छा. पोर्टल/नवीन सुझाव/सान्याअवि/2021-22/ 1352 दिनांक : 24/4/24

आदेश

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासी छात्र/छात्राओं के लिए, अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग (पूर्व में विशेष पिछडा वर्ग)/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक पिछडा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय स्तर की राजकीय शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित/अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा वेब पोर्टल **www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/scholarship** अथवा एसएसओ पोर्टल पर **स्कॉलरशिप एसजेई एप** अथवा मोबाईल ऐप **एसजेईडी एप्लीकेशन** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने (कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त) तथा संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण करने, आवेदन पत्र भरने के लिए पूर्व में निर्धारित अन्तिम तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>विषय वस्तु</th><th>पूर्व में निर्धारित अन्तिम तिथि</th><th>नवीन निर्धारित अन्तिम तिथि</th></tr>
<tr><td>1</td><td>उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत छात्रवृति पोर्टल पर शिक्षण संस्थानों द्वारा नवीन पंजीयन करवाने तथा पूर्व में पंजीकृत संस्थाओं की मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर अद्यतन करने हेतु</td><td rowspan="2">31 मार्च 2024</td><td rowspan="2">31 मई 2024</td></tr>
<tr><td>2</td><td>उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत छात्रवृति पोर्टल पर विद्यार्थियों के द्वारा ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने हेतु (कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त)</td></tr>
</table>

उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं से संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन दिशा-निर्देश एवं छात्रवृति योजना संचालन प्रक्रिया 2023 वेब पोर्टल **www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/scholarship** अथवा विभागीय वेब साइट sje.rajasthan.gov.in का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें।

साथ ही आवेदन करने में किसी भी तकनीकी समस्या होने पर विभागीय जिला कार्यालय में व्यक्तिशः एवं दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अतिरिक्त निदेशक (छात्रवृत्ति)

24/4/24

RajKaj Ref
6744175